मैंने सारे किये उपाय मेरे घर ना आये श्याम

मैंने सारे किये उपाय,
मेरे घर ना आये श्याम,
कोई ऐसा जतन बताये,
मेरे घर आ जाये श्याम,

कोई कहे माखन मिसरी खाता,
कोई कहे मेवा चूरमा भाता,
मैंने छप्पन भोग लगाये,
मेरे घर ना आये श्याम,
मैंने सारे किये उपाय,
मेरे घर ना आये श्याम,

कोई कहे ये शौक़ीन है भारी,
मीठी खुसबू लगती है प्यारी,
आंगन में फुल सजाये,
घर आंगन में फुल सजाये,
मेरे घर न आये श्याम,
मैंने सारे किये उपाय,
मेरे घर ना आये श्याम,

बोले साधु सन्त ओर जोगी,
जप-तप पूजा करनी होगी,
जप-तप यग्य बड़े करवाएं,
मेरे घर ना आये श्याम,
मैंने सारे किये उपाये,
मेरे घर ना आये श्याम,

सोनू ने फिर युक्ति सुझाई,
जिसके वश है कृष्ण कन्हाई,
तू भी राधे रटन लगाले,
तेरे घर आ जाये श्याम,
तू राधे रटन लगाले,
तेरे घर आ जाये श्याम,
तू ले राधे को नाम तेरे घर आ जाये श्याम,

भजन गायक :- सौरभ-मधुकर

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/2813/title/maine-sare-kiye-upaye-mere-ghar-naa-aye-shyam-koi-esa-jatan-bataye-mere-ghar-aa-jaye-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |